# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (30.11.2024)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE : 30.11.2024, PAGE-08**

# यूथ फेस्टिवल के लिए विवि में चयन प्रक्रिया पूरी

**25 से 29 नवंबर तक चली चयन प्रतियोगिता**

- सीनेट हॉल में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। कोलकाता में होने वाले ईस्ट जोन यूथ फेस्टिवल के लिए बीआरएबीयू में चल रही चयन प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को हो गया। प्रतियोगिता 25 से 29 नवंबर तक सीनेट हॉल में चली।

सांस्कृतिक समिति के प्रो. इंदुधर झा ने बताया कि अंतर महाविद्यालय सांस्कृतिक महोत्सव-सह-टीम चयन प्रतियोगिता में साहित्यिक विधाओं की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। पहले राउंड की क्विज की लिखित प्रतियोगिता में 40 सवाल अलग-अलग विषयों से पूछे गये, जिनमें से नौ प्रतिभागियों का चयन मौखिक राउंड के लिए किया गया। नौ प्रतिभागियों की तीन टीमें ए, बी और सी के प्रतिभागियों को इस राउंड से सात अलग-अलग विषयों के राउंड के अनुसार इतिहास, राजनीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र, भूगोल, सामान्य विज्ञान, आर्ट एंड कल्चर, स्पोर्ट्स एवं फिल्म से संबंधित सवाल पूछे गये। फिर रैपिड फायर राउंड तथा ऑडियो व्यूजुअल राउंड के सवाल पूछे गये। वाद-विवाद प्रतियोगिता के लिए क्या कृत्रिम बुद्धिमत्ता मानव बुद्धिमत्ता का स्थान ले सकती है, पर 27 प्रतिभागियों ने पक्ष और विपक्ष में अपनी प्रस्तुति दी। वक्तृत्व कला की प्रतियोगिता के लिए 'विकसित भारत @2047' विषय रखा गया था, जिसमें 31 प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुति दी। लगभग 12 महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने इसमें भाग लिया। क्विज का संचालन डॉ. तूलिका सिंह, विश्वविद्यालय मनोविज्ञान विभाग एवं डॉ. दिव्यम प्रकाश, विश्वविद्यालय रशियन विभाग ने किया। निर्णायक के रूप में डॉ. शाजिदा अंजुम, डॉ. रोजी सुलोचना और डॉ. सुषमा मौजूद थीं। वाद-विवाद और एलॉक्यूशन के निर्णायक मंडल के सदस्यों में प्रो. राजीव झा, प्रो. ज्योति नारायण सिंह, डॉ प्रथम फ्रैंसिस और डॉ. महजबीं परवीन ने बहुत ही बारीकियों से सभी प्रतिभागियों का अवलोकन किया। 7-8 प्रतिभागियों को दो दिनों की कार्यशाला में शामिल किया जाएगा, जिसमें से अंतिम रूप में 5 का चयन किया जाएगा। प्रतियोगिता के आरम्भ से पहले सभी निर्णायकों को सम्मानित किया गया। अध्यक्ष छात्र कल्याण प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्द्धन किया। समन्वयक प्रो. इन्दुधर झा ने सभी विधाओं की नियमावली से प्रतिभागियों को अवगत कराया। मंच संचालन डॉ. पयोली और डॉ. रमेश कुमार विश्वकर्मा ने किया।

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE : 30.11.2024, PAGE-19**

# बीआरएबीयू में नैक मूल्यांकन की तैयारी तेज

बीआरएबीयू में नैक मूल्यांकन की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। पहले विवि का नैक मूल्यांकन किया जायेगा। जल्द ही सेल्फ स्टडी रिपोर्ट विवि की तरफ से नैक को सौंपी जायेगी। इसके लिए सभी डाटा तैयार किया जा रहा है। बिहार विवि में यह नैक की दूसरी साइकिल है। इससे पहले वर्ष 2015 में नैक की पहली साइकिल हुई थी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**
**PIN-842001 (BIHAR)**
**Website:-www.brabu.net**



**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:30.11.2024, PAGE-06**


## सांस्कृतिक महोत्सव में दिखाई शानदार प्रतिभा



विश्वविद्यालय सांस्कृतिक महोत्सव में अतिथियों के साथ प्रतिभागी ● जागरण

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में अंतर महाविद्यालय सांस्कृतिक महोत्सव सह टीम चयन प्रतियोगिता में आखिरी दिन शुक्रवार को साहित्यिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पहले राउंड में क्विज हुआ। इसमें लिखित प्रतियोगिता में विभिन्न विषयों से कुल 40 प्रश्न पूछे गए। वाद-विवाद प्रतियोगिता में 27 प्रतिभागियों ने पक्ष और विपक्ष में अपनी प्रस्तुति दी। वक्तृत्व कला में 31 प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुति दी। लगभग 12 महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने इसमें भाग लिया। क्विज का संचालन डा. तूलिका सिंह, डा. दिव्यम प्रकाश ने किया। निर्णायक के रूप में डा. शाजिदा अंजुम, डा. रोजी सुलोचना और डा. सुषमा ने किया। वाद-विवाद और एलाक्युशन के निर्णायक मंडल में प्रो. राजीव झा, प्रो. ज्योति नारायण सिंह, डा. प्रियम फ्रैंसिस और डा. महजबीं परवीन ने बारीकियों से प्रतिभागियों का अवलोकन किया। अब प्रतिभागियों के लिए कार्यशाला होगी। इस आधार पर अंतिम रूप से पांच का चयन किया जाएगा। डीएसडब्ल्यू डा. आलोक प्रताप सिंह ने सभी प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया। मंच संचालन डा. पयोली और डा. रमेश कुमार विश्वकर्मा ने किया। यह जानकारी सांस्कृतिक समन्वयक डा. इंदुधर झा ने दी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE : 30.11.2024, PAGE-04**

### प्रतिभा. अंतर महाविद्यालय सांस्कृतिक महोत्सव सह टीम चयन स्पर्धा का आयोजन

# क्विज के लिए दिये जवाब, प्रतिभागी चयनित

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

अंतर महाविद्यालय सांस्कृतिक महोत्सव-सह-टीम चयन प्रतियोगिता में शुक्रवार को साहित्यिक विधाओं की प्रतियोगिताएं विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में आयोजित की गयीं. पहले राउंड की क्विज के लिए लिखित प्रतियोगिता में अलग-अलग विषयों से 40 सवाल पूछे गये. इसमें से नौ प्रतिभागियों का चयन मौखिक राउंड के लिए किया गया. नौ प्रतिभागियों की तीन टीम को ए, बी और सी में बांटा गया. सात अलग-अलग विषयों के राउंड के अनुसार इतिहास, राजनीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र, भूगोल, सामान्य विज्ञान, आर्ट एंड कल्चर, स्पोर्ट्स व फिल्म से संबंधित सवाल पूछे गये. फिर रैपिड फायर राउंड व ऑडियो व्यूजुअल राउंड के सवाल पूछे गये. वाद-विवाद प्रतियोगिता के लिए क्या कृत्रिम बुद्धमत्ता मानव बुद्धमत्ता का स्थान ले सकती है, विषय पर 27 प्रतिभागियों ने पक्ष व विपक्ष में अपनी प्रस्तुति दी. वक्तृत्व कला की प्रतियोगिता के लिए """"विकसित भारत @ 2047"""" रखा गया था. इसमें 31 प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुति दी. 12 महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने इसमें भाग लिया. क्विज का संचालन विवि मनोविज्ञान विभाग की डॉ तूलिका सिंह व विवि रशियन विभाग के डॉ दिव्यम प्रकाश ने किया. निर्णायक के रूप में डॉ शाजिदा अंजुम, डॉ रोजी सुलोचना और डॉ सुषमा ने किया.



विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल मे आयोजित सांस्कृतिक महोत्सव मे मौजूद अधिकारी व प्रतिभागी.

**कार्यशाला में होंगे अंतिम रूप से चयनित** : वाद-विवाद व एलॉक्युशन के निर्णायक मंडल के सदस्यों में प्रो राजीव झा, प्रो ज्योति नारायण सिंह, डॉ प्रथम फ्रैंसिस व डॉ महजबीं परवीन ने बहुत ही बारीकियों से सभी प्रतिभागियों का अवलोकन किया. 7-8 प्रतिभागियों को दो दिनों की कार्यशाला में शामिल किया जायेगा. इसमें से अंतिम रूप में 5 का चयन किया जायेगा. प्रतियोगिता के आरम्भ से पहले सभी निर्णायकों को सम्मानित किया गया. अध्यक्ष छात्र कल्याण प्रो आलोक प्रताप सिंह ने प्रतिभागियों को आत्मबल बढ़ाने व अंतर विश्वविद्यालय इस्ट जोन प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए उत्साहित किया. समन्वयक प्रो इन्दुधर झा ने सभी विधाओं की नियमावली से प्रतिभागियों को अवगत कराया. मंच संचालन डॉ पयोली व डॉ रमेश विश्वकर्मा ने किया. दो-तीन दिनों के अंतराल में सभी विधाओं में कार्यशाला में शामिल होने की सूची जारी होगी. कार्यशाला में शामिल प्रतिभागियों में से टीम में भागीदारी की अंतिम सूची जारी करेंगे.